



# सीधी रेलवे स्टेशन निर्माण का निरीक्षण करने पहुंचे सांसद

## जुलाई तक रेलवे स्टेशन का पूरा होना है काम, रेलवे अधिकारी से मौके पर प्रगति की ली गई जानकारी





नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। जिला मुख्यालय सीधी के निर्माणाधीन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने आज दोपहर सांसद डॉ.राजेश मिश्रा पहुंचे। मौके पर मौजूद रेलवे अधिकारी से निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई। रेलवे स्टेशन का कार्य जुलाई महीने में पूरा होना है।**

सीधी में अब रेल आने की बहुप्रतीक्षित रेलवे परियोजना अब अपने अंतिम चरण में है। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने सीधी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान रेलवे विभाग के अधिकारी सुबोध शुक्ला सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। सांसद डॉ.मिश्रा ने स्टेशन परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है और शेष अंतिम चरण के कार्य जल्द ही पूरे कर लिए जाएंगे। परियोजना को जुलाई के आखिर सप्ताह तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। डॉ.मिश्रा ने कहा कि सीधी जिले के लोगों का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने वाला है। उन्होंने इस परियोजना को केवल एक यातायात सुविधा नहीं बल्कि जिले के विकासए रोजगार सृजन और नई संभावनाओं का द्वार बताया। उनके अनुसार रेलवे कनेक्टिविटी से क्षेत्र में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को भी गति मिलेगी।

सांसद ने इस परियोजना को जनता की उम्मीदों और संघर्षों की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि सीधी से पहली रेल यात्रा जिले के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि पूरे क्षेत्र के लोग लंबे समय से ट्रेन सेवा का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें उम्मीद है कि यह सपना जल्द ही हकीकत में बदलेगा। सीधी रेलवे स्टेशन का तेजी से हो रहा निर्माण कार्य जिले के विकास की नई दिशा तय कर रहा है। अब सभी की निगाहें उस दिन पर टिकी हैं, जब सीधी में पहली बार रेल सेवा शुरू होगी।

### जून महीने में चुरहट तक होगा ट्रेन का ट्रायल

रेलवे द्वारा सीधी जिले में रामपुर नैकिन स्टेशन तक ट्रेन का ट्रायल सफलतापूर्वक किया जा चुका है। अब रामपुर नैकिन से चुरहट तक जून 2026 में चुरहट रेलवे स्टेशन तक ट्रेन का ट्रायल शुरू करने की जोर .शोर से तैयारी चल रही है। दरअसल चुरहट तक ट्रेन का ट्रायल पूर्ण न होने के पीछे रेलवे ट्रैक में नवीन रेल पैनल का बिछाना नहीं है। अब रेलवे द्वारा रामपुर नैकिन से चुरहट तक पुरानी रेल पटरियां जो बिछाई गई हैं इसके स्थान पर अब 20 रेल पैनल बिछाने का कार्य शुरू किया गया है। 6 किमी . की लंबाई में रेल पैनल बिछाने का काम हो चुका है। रामपुर नैकिन रेलवे स्टेशन से चुरहट रेलवे स्टेशन के बीच 22 किमी . के रेल खंड में अब 14 किमी . में ही 20 रेल पैनल बिछाने का कार्य किया जाना शेष है।





# युवा कांग्रेस ने पर्यटन मंत्री का पुतला दहन कर मांगा इस्तीफा

## जबलपुर बरगी डैम में दर्दनाक क्रूज दुर्घटना का विरोध

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। जबलपुर के बरगी डैम में हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना के विरोध में आज मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष करुण सिंह चौहान के नेतृत्व में सीधी जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट चौक में सैकड़ों युवाओं के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री का पुतला दहन किया गया।**

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के संगठन महासचिव ज्ञानेन्द्र अग्निहोत्री, दिग्विजय सिंह राहुल, सानेन्द्र सिंह, उत्सव सिंह टिंकू, पप्पू सिंह नौगवां, युकां सीधी विधानसभा अध्यक्ष विकास परिहार, सिहावल विधानसभा अध्यक्ष सूर्या साहू, ब्लॉक अध्यक्ष रमन सिंह, रोहित द्विवेदी सहित युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं में भारी लापरवाही बरती जा रही है जिसके चलते निर्दोष लोगों की जान जा रही है। उन्होंने कहा कि यह घटना केवल एक हादसा नहीं बल्कि सरकार की असंवेदनशीलता और जिम्मेदारी से बचने का परिणाम है। युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती और पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस ने सरकार के सामने अपनी प्रमुख मांगें भी रखीं। जिनमें पर्यटन मंत्री को तत्काल बर्खास्त करने, मृतकों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने तथा घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग शामिल है। कार्यक्रम में जिला एवं ब्लॉक स्तर के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। युवा कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 2 मृतकों के परिजनों को सहायता स्वीकृत

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। उपखंड सिहावल में प्राकृतिक आपदाओं से मृत व्यक्तियों के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की कार्यवाही की गई है। उपखंड अधिकारी सिहावल राजेश कुमार शुक्ला द्वारा मृतकों के निकटतम वारिसों को शासन के प्रावधानों के तहत 4-4 लाख रुपये, कुल 8 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसील सिहावल के ग्राम तरका निवासी सुन्दरलाल प्रजापति की पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी, जिनके निकटतम वारिस पिता रणजीत प्रजापति को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई।

इसी प्रकार ग्राम हटवा के विवेक यादव की कुएं में गिरने से डूबकर मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम वारिस माता उर्मिला यादव को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे पीड़ित परिवारों को समय पर सहायता मिल सके।

# स्वच्छता ही सेवा : विधायक रीती पाठक ने रात्रि सफाई में निभाई भागीदारी



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से सीधी में रात्रिकालीन सफाई अभियान के दौरान एक प्रेरक पहल देखने को मिली। विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने गांधी चौराहा पहुंचकर न केवल सफाई व्यवस्था का जायजा लिया बल्कि स्वयं सफाईकर्मियों के साथ श्रमदान करते हुए स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की।**

विधायक ने मौके पर मौजूद सफाईकर्मियों से आत्मीय संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की और उनकी समस्याओं को भी सुना। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज के हर वर्ग को उनके इस परिश्रम का सम्मान करना चाहिए और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करना चाहिए। इस अवसर पर विधायक द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा, यही हमारा संकल्प के भाव के साथ स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने आम जन से अपील की कि वे अपने घर, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता को अपनी जिम्मेदारी मानें और नियमित रूप से इसमें योगदान दें ताकि शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके। इस कार्यक्रम में एसडीएम गोपदबनास राकेश शुक्ला, नगर पालिका सीएमओ प्रिया पाठक सहित विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान को निरंतर और प्रभावी बनाए रखने का संकल्प लिया। यह पहल समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर स्वच्छता के इस मिशन में भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करती है।

# सीधी में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का बड़ा खुलासा, शिवसेना ने सौंपा पत्र



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। शिवसेना ने कलेक्टर के नाम गोपद बनास एसडीएम को पत्र सौंप कर बताया कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और गैस चोरी का गंभीर मामला चल रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ सुरक्षा संबंधी खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।**

शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने बताया कि 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस निकालकर उसे 19 किग्रा. और 35 किग्रा. के व्यावसायिक सिलेण्डरों में भरा जा रहा है। इसके बाद इन कमर्शियल सिलेण्डरों को बाजार में लगभग चार गुना अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है। इतना ही नहीं उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले घरेलू सिलेंडरों में भी 2 से 3 किलोग्राम तक गैस की कमी की जा रही है, जिससे सीधे तौर पर आम जनता को ठगा जा रहा है। यह मामला न केवल उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन है बल्कि एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। शिकायत में यह भी आशंका जताई गई है कि इस पूरे प्रकरण में संबंधित गैस एजेंसी संचालकों और उनके स्टाफ की संलिप्तता हो सकती है। इस मामले से जुड़े कुछ वीडियो साक्ष्य भी उपलब्ध बताए गए हैं जो जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मामले को लेकर जिला कलेक्टर से निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है, साथ ही दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की गई है ताकि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लग सके और आम जनता को राहत मिल सके। पत्र सौंपने के दौरान शिवसेना जिलाध्यक्ष बेनाम सिंह बघेल उर्फ भोले, जिला महामंत्री सुनील रावत, आनंद साहू, अंजनी सिंह, शिवपूजन साहू, रामनरेश यादव सहित अन्य शिवसैनिक मौजूद रहे।

# रंगों से सजी स्वच्छता की राह, बच्चों ने दिया साफ-सुथरे शहर का संदेश





नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। सीधी में स्वच्छता को जनआंदोलन का रूप देते हुए एक अनूठा रंगोली अभियान आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने हिस्सा लिया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में सृजनात्मक रंगोलियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया।**

गांधी हाई स्कूल, अबोध बाल निकेतन, ज्योत्सना स्कूल, क्राइस्ट ज्योति, श्री गणेश विद्यालय अमहा, राधाकृष्ण विद्यालय, आचार्या पब्लिक स्कूल, ज्योति हाई स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर सीधी एवं करौंदिया, ज्ञानस्थली विद्या मंदिर, एकलव्य पब्लिक स्कूल, यूसीएन मास, रुक्मिणी राइजिंग स्कूल एवं गुरुकुल विद्या मंदिर मड़रिया सहित अनेक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने इस अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रम में 660 बच्चों, 151 शिक्षकों एवं 88 अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी आदत और संस्कार होना चाहिए। कलेक्ट्रेट अम्बेडकर चौक से सर्किट हाउस होते हुए सूखा नाला, कलेक्ट्रेट से जिला पंचायत मार्ग, न्यू बस स्टैंड, हॉस्पिटल चौक, गांधी चौक, पूजा पार्क, सम्राट चौक एवं कलेक्ट्रेट परिसर जैसे प्रमुख स्थानों पर आकर्षक रंगोलियां बनाई गई। इन रंगोलियों ने न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाई, बल्कि आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस पहल ने शहर की सुंदरता को बढ़ाते हुए स्वच्छता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया।



# संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रबुद्ध जनगोष्ठी का हुआ आयोजन

## विनोद कुमार प्रांत प्रचार प्रमुख रहे मुख्य वक्ता

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय टाटा कालेज के विवेकानंद सभागार में प्रबुद्ध जनगोष्ठी का आयोजन किया गया। संघ राष्ट्रीय भावना को पोषित करने वाला संगठन है।**

संघ परिवार के माध्यम से सशक्त समाज का निर्माण होता है। संघ भारतीय परिवार को छोटे रूप से विराट रूप में रखने के लिए परिवारिक मूल्यों का समर्थन करता है। माता-पिता के साथ रहकर जीवन यापन करने का भाव बच्चों में होना भारतीय दर्शन का आधार है। स्व का बोध परिवार के हर सदस्य को होना चाहिए। संघ ने स्व के माध्यम से स्व भाषा स्व स्वमजन भ्रमण (भारत दर्शन) और स्व कर्तव्य पर विशेष स्व भोजन स्व वेश जोर दिया है जो परिवार के हर सदस्य को अपनाना चाहिए। विषय की उन्नति और विश्व शांति की कामना करने वाला एक प्रति सहिष्णु देश है। सर्वे भवन्तु सुखिन: का उद्घोष करने वाला देश विश्व में भारत है। उक्त वक्तव्य प्रबुद्ध जनगोष्ठी में महाकौशल प्रांत के प्रांत प्रचार प्रमुख विनोद जी ने दिया। देश की स्वतंत्रता के बाद से देश का विभाजन हुआ जो विशाल भारत को षड़यंत्र के माध्यम से विभिन्न जाति, धर्म, संप्रदाय, क्षेत्र, भाषा आदि के द्वारा तोड़ने के लिए किया जा रहा है। भारत का समाज विभिन्न जाति के उप जाति का एक सामूहिक जोड है। भारत की संस्कृति ही भारत को विश्व गुरु के पद पर विराजमान किया था। यहां के ऋषि-मुनियो का ज्ञान विश्व की उन्नत्ति का आधार है। भारत की संस्कृति को नष्ट करने के लिए विदेशी ताकतों द्वारा कई प्रयास किये जा रहे है।

केशव जी का एक ही लक्ष्य था भारत माता को अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराकर राष्ट्र को उच्च शिखर तक ले जाना। उन्होंने शाखा के माध्यम से यह संगठन पूरे देश में फैलाया। यह संगठन राष्ट्रीय संगठन होने के कारण संगठन के पूरे विश्व में फैल गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हर क्षेत्र में अनेक संगठन खड़े किये। मातृ शक्तियों के लिए राष्ट्र सेविका समिति संघ के समान ही चेतना जागृत है। उपरोक्त कार्यक्रम में अनेक प्रबुद्धजन उपस्थिति रहें।

# चुरहट एवं रामपुर नैकिन में पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। एसडीएम चुरहट विकास आनंद द्वारा चुरहट एवं रामपुर नैकिन तहसील क्षेत्र के पेट्रोल पंप डीलरों एवं मैनेजरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेट्रोल पंप संचालन से संबंधित विभिन्न आवश्यक व्यवस्थाओं एवं नियमों के पालन के निर्देश दिए गए।**

बैठक में उपखंड अधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा डायवर्सन का वार्षिक रेंट जमा नहीं किया गया है, वे इसे समय पर अनिवार्य रूप से जमा करें। साथ ही प्रत्येक पेट्रोल पंप पर उपयोग योग्य शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अग्निशामक यंत्रों को पूर्णत: कार्यशील स्थिति में रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर स्वच्छ पेयजल एवं प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए तथा आवश्यक आपातकालीन नंबरों की सूची प्रमुख स्थान पर चस्पा की जाए। सुरक्षा की दृष्टि से खुले बर्तन या डब्बों में पेट्रोल एवं डीजल देने पर सख्त प्रतिबंध लगाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा प्रत्येक पेट्रोल पंप पर डेंसिटी मीटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पेट्रोल एवं डीजल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। उपभोक्ता हितों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक लेन-देन पर रसीद देना अनिवार्य बताया गया। उपखंड अधिकारी ने कहा कि नियमों का पालन न करने पर संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बंगाल की अस्मिता के लिए पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जनादेश : रीता



नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। पश्चिम बंगाल के जन-जन ने भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को तिलांजलि देकर विकास और सुशासन के एक नए युग का सूत्रपात किया है। यह प्रचंड जीत केवल भारतीय जनता पार्टी की नहीं बल्कि बंगाल की अस्मिता, संस्कृति और यहां के 7 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं की सामूहिक विजय है।**

उक्त बातें आज पश्चिम बंगाल में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद जारी अपने एक बयान में पश्चिम बंगाल विधानसभा- नार्थ 24 परगना की चुनाव सहप्रभारी श्रीमती रीता सोनी ने कही हैं। श्रीमती सोनी ने कहा कि एक प्रभारी के रूप में मैं इस विजय का श्रेय जीत के सूत्रधार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और अटूट विश्वास ने बंगाल में परिवर्तन की लहर पैदा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जिनके सांगठनिक कौशल ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंकी। गृह मंत्री अमित शाह, जिनकी रणनीतिक कुशलता ने अभेद्य दुर्ग को फतह किया। सुनील बंसल एवं भूपेंद्र यादव जिनके मार्गदर्शन में चुनाव प्रबंधन को नई ऊंचाइयां मिलीं। ये जीत उन सभी कार्यकर्ताओं के त्याग और बलिदान को एक विनम्र श्रद्धांजलि है जिन्होंने एक समृद्ध बंगाल का सपना देखा था। श्रीमती सोनी कहा कि मैं विशेष रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.लक्ष्मण का हृदय से धन्यवाद करतीं हूं जिन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास कर इतनी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी।

नार्थ 24 परगना की चुनाव सह-प्रभारी रही रीता सोनी ने कहा कि मुझे भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 विधानसभा क्षेत्रों में सहप्रभारी के रूप में जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई थी, इन 30 में से 28 विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा ने अपना परचम लहराया। उसके लिए मैं पार्टी नेतृत्व का हृदय से आभार व्यक्त करतीं हूं।

# पुलिस का यह जन-उन्मुख प्रयास आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का माध्यम : संतोष

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन, आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण





नवभारत न्यूज

**सीधी 5 मई। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के नेतृत्व में मंगलवार 5 मई को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निराकरण सुनिश्चित करना है।**

कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा उपस्थित नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की गई। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, अन्य आपराधिक प्रकरणों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गईं। विशेष रूप से महिला संबंधी मामलों में शीघ्र एवं संवेदनशील कार्यवाही करने पर जोर दिया गया। कई शिकायतों पर संबंधित थाना प्रभारियों को तत्काल निष्पक्ष जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

सीधी पुलिस का यह जन-उन्मुख प्रयास आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं पुलिस के प्रति विश्वास को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साप्ताहिक जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस प्रशासन आम नागरिकों के साथ सतत संवाद स्थापित कर प्रभावी, जवाबदेह एवं संवेदनशील पुलिसिंग सुनिश्चित कर रहा है।

### इन अधिकारियों की रही सहभागिता

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव सहित थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अभिषेक उपाध्याय, थाना प्रभारी जमोड़ी उपनिरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी एवं थाना अजाक से म.प्र. आरक्षक लीलावती सिंह उपस्थित रहे। अन्य अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे।